10. **चयन प्रक्रिया** :– सभी पदों (टेक्नीशियन ग्रेड–।। (पदकोड– 1, 2 एवं 3) पदों हेतु 02 चरणों में चयन प्रक्रिया सम्पन्न कराई जायेगी। प्रथम चरण में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) आयोजित की जायेगी, जिसमें सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होगें। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि–3 घण्टें की होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अर्ह श्रेणीवार Shortlisted अधिकतम डेढ़ गुना अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) परीक्षा में Shortlisted अभ्यर्थियों में अन्तिम कमांक पर एक से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक होने की स्थिति में उन सभी समान अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को भी द्वितीय चरण की अभिलेखीय परीक्षण (Documents Verification) हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

उपरोक्त पदों हेतु निर्धारित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के प्राप्त अंको में श्रेष्ठता के आधार पर, श्रेणीवार रिक्तियों की सख्यानुसार चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगीं। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के अन्य विस्तृत विवरण निम्नवत् हैः–

Name of the Post	Particulars
टेक्नीशियन ग्रेड–।। (पदकोड– 1, 2 एवं 3)	Direct recruitment to the post of Technician Grade-II shall be made through an objective type competitive examination of total 200 marks. There shall be two parts in question paper as follows :- **PART-I (150 Marks)** There shall be 150 objective type questions from the syllabus of ITI. **PART-II (50 Marks)** 50 objective type questions comprising General Hindi, General Knowledge and Reasoning. (For every correct answer 01 mark will be awarded and 0.25 marks will be deducted for wrong answer.

नोट :– **i.** परीक्षा के सभी चरणों में अभ्यर्थियों का प्रवेश विशुद्ध रूप से अनंतिम (Provisionally) होगा, जो पद के अनुरुप निर्धारित पात्रता शर्तो को पूर्ण करने के प्रतिबन्धाधीन होगा। (Admission of the candidates to all stages of the examination will be purely provisional, subject to their satisfying the prescribed eligibility conditions.) **ii.** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अर्ह अभ्यर्थियों को अभिलेखीय परीक्षण (Documents verification) में सम्मिलित होना अनिवार्य है। **iii.** If numbers of candidates are more and the CBT exam is conducted in more than one shift per day for the same post/discipline, in that case normalization formula given at **Annexure-I** will be used for obtaining normalized marks in both Part-I and Part-II. The Normalized marks will be used for deciding the merit.

11. **<u>टाई ब्रेकिंग नियम (Tie breaking Rule)</u> :-**

(i) यदि एक से अधिक अभ्यर्थी कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में समान अंक प्राप्त करते है, तो ऐसी स्थिति में उस अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी, जिसके Part-I अर्थात Core Subject में अधिक अंक होंगें।

(ii) यदि (i) समान हो तो जन्मतिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

(iii) यदि (i) एवं (ii) दोंनों समान हो तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार अभ्यर्थियों के नामाक्षरों के क्रम में चयन में करते हुये मेरिट सूची का निर्धारण किया जायेगा।